**TERM-1 EXAMINATION (2026-27)**

| | | |
|---|---|---|
| Class : VI | **HINDI (085)** | Duration: 3:00 Hrs. |
| Date : 07.09.2026 | **(SET-2)** | Max. Marks : 80 |
| Admission No.: | | Roll No.: |

सामान्यनिर्देश
1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 24 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

---

प्रश्नपत्रस्वरूप -

| | |
|---|---|
| भाग 'क' : अपठित गद्यांश | 14 अङ्क |
| भाग 'ख' : व्याकरण | 22 अङ्क |
| भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक | 24अङ्क |
| भाग 'घ' : लेखन कौशल | 20 अङ्क |

---

## खंड क अपठित गद्यांश (1)

प्रश्न 01 अपठित गद्यांश को पढ़करपूछे गए प्रश्नो के निर्देशानुसार उतर लिखिए -

जल हमारे जीवन का आधार है। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व जल के बिना संभव नहीं है। मनुष्य, पशु-पक्षी और पेड़-पौधे सभी जल पर निर्भर हैं। आज बढ़ती जनसंख्या, औद्योगीकरण और जल के अनियंत्रित उपयोग के कारण जल संकट दिन-प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। कई स्थानों पर लोगों को पीने का स्वच्छ जल भी आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाता।

यदि हम वर्षा के जल का संग्रह करें, जल का आवश्यकतानुसार उपयोग करें तथा नदियों, तालाबों और कुओं को प्रदूषित होने से बचाएँ, तो भविष्य में जल की कमी को काफी हद तक रोका जा सकता है। प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। जल  प्रत्येक बूंद अमूल्य है, इसलिए हमें इसे व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए।

(1) पृथ्वी पर जीवन का आधार क्या है? 1

(क) वायु (ख) जल
(ग) भोजन (घ) प्रकाश

(2) जल संकट का एक प्रमुख कारण क्या है? 1

(क) वृक्षारोपण (ख) जल का अनियंत्रित उपयोग
(ग) स्वच्छता (घ) वर्षा

(3) हमें किसका संग्रह करना चाहिए? 1

(क) समुद्री जल (ख) वर्षा का जल
(ग) गंदा जल (घ) बर्फ

(4) जल संकट के दो कारण लिखिए। 2

(5) जल संरक्षण के दो उपाय लिखिए। 2

प्रश्न 02 अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के निर्देशानुसार उतर लिखिए -

खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण भाग हैं। नियमित रूप से खेल खेलने से शरीर स्वस्थ और मन प्रसन्न रहता है। खेल हमें अनुशासन, समय का सदुपयोग, सहयोग और टीम भावना की शिक्षा देते हैं। आज के समय में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ प्रतिदिन कुछ समय खेलों के लिए भी निकालना चाहिए। कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, फुटबॉल और हॉकी जैसे खेल बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। खेल हार-जीत से अधिक अच्छा प्रयास करने और ईमानदारी से खेलने की प्रेरणा देते हैं। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी रुचि के अनुसार किसी न किसी खेल में अवश्य भाग लेना चाहिए।

1. खेल खेलने से क्या लाभ होता है? 1

(क) शरीर स्वस्थ रहता है (ख) समय नष्ट होता है

(ग) मन उदास रहता है (घ) आलस्य बढ़त

2. खेल हमें किसकी शिक्षा देते हैं? 1

(क) अनुशासन (ख) आलस्य

(ग) झगड़ा (घ) क्रोध

3. हमारे जीवन का महत्वपूर्ण भाग क्या है 1

(क) सोना (ख) घूमना

(ग) सिनेमा देखना (घ) खेल

(4) खेल हमारे जीवन में क्यों आवश्यक है ? 2

(5) खेल से हमे क्या सीख मिलती है ? 2

## खंड ख (व्याकरण)

प्रश्न 03 भाषा एवं लिपि पाठ के अनुसार उत्तर दीजिए -( कोई एक) 2

(क) सांकेतिक भाषा किसे कहते है ?

(ख) मातृभाषा किसे कहते है ?

प्रश्न 04 वर्ण -विचार पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दीजिए - 2

(क) स्वर में कितने भेद होते है ?

(ख) हिंदी भाषा में व्यंजनों की संख्या कितनी होती है ?

प्रश्न 05 नीचे लिखे शब्दों के तत्सम शब्द से तत्भव रूप में बदलो - 2

(क) मुख (ख) सर्प (ग) नासिका

प्रश्न 06 व्याकरण पाठों के अनुसार उत्तर दीजिए - 2

(क) नीचे दिए गए शब्द का भाववाचक संज्ञा बनाएँ ( कोई दो)

(1) अंत में लेखक ने जूलिया को बड़ी ----- से समझाया | (सरल)

(2) जूलिया अपने -------- में कुछ नहीं बोली | (बचना)

(3) लेखक ने जूलिया की ------ को समझा | (कठिन)

प्रश्न 07 नीचे दिए गए वाक्य से सर्वनाम छाँटिए और उसका भेद लिखिए - (कोई एक) 1

(1) पलंग के नीचे कुछ गिरा है |

(2) वहाँ कौन खड़ा है |

प्रश्न 08 नीचे दिया गए विशेषण शब्द को पहचानिए कि यह कौन सा विशेषण है - 2

(1) पौधों में थोड़ा पानी डाल दो |

(2) बगीचे में रंग-बिरंगे फूल खिले हैं |

प्रश्न 09 निम्नलिखित वाक्यों में से पहचानिए कौन सा कारक है - ( कोई दो) 2

(1) दादी जी सेर कर रही है |

(2) रमेश पत्र लिखता हे |

(3) माता जी ने गरीबों के लिए कंबल खरीदे |

प्रश्न 10 उपसर्ग एवं प्रत्यय के आधार पर प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -

(क) निम्नलिखित शब्दों से मूल शब्द तथा उपसर्ग अलग कीजिए - (कोई दो) 2

(1) अनजान -------------------

(2) भरपूर

(3) परा

(ख) निम्नलिखित शब्दों में दार प्रत्यय लगाकर शब्द बनाइए - (कोई एक) 1

(1) आड़ी ______________

(2) आका ______________

प्रश्न 11 नीचे लिखे शब्दों के लिंग परिवर्तन करके लिखें - ( कोई एक) 1

(क) शेर _________ (ख) ऊँट ________

प्रश्न 12 नीचे लिखे शब्द के दो --दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - ( कोई दो ) 2

(क) नया (ख ) जग (ग) जल -

प्रश्न 13 विलोम पाठ के आधार पर शब्दों के विलोम शब्द दीजिए - ( कोई एक) 1

(क) आशा (ख) आहार

प्रश्न 14 निम्नलिखित शब्दों को एकवचन से बहुवचन में बदलिए - 2

(क) आँख (ख ) मोटा (ग) दुकान

## खंड ग (पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न 15 पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उतर के लिए सही विकल्प का चयन करें

पिंजरे के तोते से बोली ,छत पर बैठी मैना |
बड़े मज़े से तुम रहते हो ,बोलो यह सच है न ?
बैठे बैठे मिल जाते है भाँति भाँति के व्यंजन |
काश| मुझे भी मिल जाता ,जो ये पिंजरे का बंधन |
भोजन और जल की ता;तलाश में ,हम दिन रात भटकते |
तब जाकर दो-चार अन -कण ,अपने पले पड़ते |
उस पर हर -दम चिड़ीमार का ,डर रहता है मन में |
हिंसक जीव-जन्तुओं का ,भीषण खतरा है वन मे |
तोता बोला -अगर सोचती ,हो सुख है बंधन मे |
मुझे निकालो ,आओ अंदर ,मे जाता हूँ वन में |

(1) मैना कहाँ बैठी थी ? 1

(क) पेड़ पर
(ख) छत पर
(ग) पिंजरे में
(घ) जंगल में

(2) तोता कहाँ रहता था ? 1

(क) जंगल म
(ख) पेड़ पर
(ग) पिंजरे में
(घ) घोंसले में

(3) मैना को भोजन के लिए क्या करना पड़ता था? 1

(क) पिंजरे में रहना
(ख) दिनरात भटकना
(ग) सोते रहना
(घ ) उड़ना छोड़ देना

(4) मैना पिंजरे के जीवन को सुखमय मानती थी, किन्तु तोता वन में लौटना चाहता था। इसका मुख्य कारण क्या है ? 1

(क) तोते को पिंजरे का भोजन पसंद नहीं था।
(ख) तोते के लिए स्वतंत्रता, सुविधाओं से अधिक मूल्यवान थी।
(ग) तोता मैना से नाराज़ था।
(घ) वन में उसे अधिक स्वादिष्ट भोजन मिलता था।

(5) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनिए - 1

कथन (A): मैना पिंजरे के जीवन को सुखमय मानती है।

कारण (R): क्योंकि पिंजरे में भोजन और जल बिना परिश्रम के मिल जाते हैं।

विकल्प:

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता।

(ग) कथन (A) सत्य है, किन्तु कारण (R) असत्य है।

(घ) कथन (A) असत्य है, किन्तु कारण (R) सत्य है।

प्रश्न 16 पद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए - (कोई दो ) 4

(1) मैना किस से और **कहा बेठ कर बोली ?**

(2) भूल गया ही क्यों इन्सान कविता के अनुसार मानव को मानव से कौन जोड़ता है ?

(3) हम सब पर किसकी छाया है ?

प्रश्न 17 पद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर 40 से 50 शब्दों में लिखिए - (कोई एक) 3

(1) भूल गया है क्यों इन्सान कविता का मूलभाव अपने शब्दों में लिखो ?

(2) क्या हमे पक्षियों को पिंजरे में बंद करके रखना चाहिए | सिद्ध कीजिए ?

प्रश्न 18 पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उतर के लिए सही विकल्प चुनिए - 5

बेंजी नाम का एक लड़का था वह दुकान के अंदर एक पेड़ को देखने लगा | उसने सोचा काश किसी तरह मुझे यह पेड़ मिल जाए | मेरी छोटी बहने सैमी और रुथ जिनका घर में मेरे आलावा और कोई नहीं है ,पेड़ पाकर कितनी खुश हो जायेंगी | फिर उनका यह सबसे अच्छा क्रिसमस होगा | उसने दुकान के मालिक मिस्टर अब्राहम से इस पेड़ के और इशारा करते हुए दाम पूछा | मिस्टर अब्राहम ने पहले ऊपर से नीचे तक बेंजी को देखा फिर उसकी कमीज में दाई ओर बड़े छेद को देखते हुए बोले- से-,यह पेंतीस रूपए का है | क्या तुम इसे खरीदना चाहते हो ? दुकानदार के मुँह से पेड़ की कीमत सुनकर बेंजी उदास हो गया | क्योंकि उसके पास सिर्फ अठाईस रुपए ही थे | उसने पूरे महीने खूब मेहनत करके ये रूपए कमाए थे

(1) बेंजी ने दुकान में क्या देखा? 1

(क) खिलौना (ख) पेड़

(ग) किताब (घ) साइकिल

(2) बेंजी की छोटी बहनों के नाम क्या थे? 1

(क) रीना और गीता (ख) सैमी और रुथ

(ग) सीमा और राधा (घ) पूजा और नेहा

(3) पेड़ की कीमत कितनी थी? 1

(क) 28 रुपये (ख) 30 रुपये

(ग) 35 रुपये (घ) 40 रुपये

(4) निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष गद्यांश के आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त है?

(क) बेंजी अपने लिए क्रिसमस का पेड़ खरीदना चाहता था।

(ख) बेंजी अपनी छोटी बहनों की खुशी को अपनी इच्छा से अधिक महत्त्व देता था।

(ग) बेंजी ने बिना मूल्य जाने ही पेड़ खरीदने का निश्चय कर लिया था।

(घ) दुकानदार ने बेंजी को देखकर जानबूझकर पेड़ का मूल्य बढ़ा दिया।

(5) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनिए - 1

कथन (A): बेंजी के लिए वह पेड़ केवल एक वस्तु नहीं, बल्कि अपनी बहनों को प्रसन्न करने का माध्यम था।

कारण (R): उसने पूरे महीने परिश्रम करके रुपये कमाए थे, फिर भी पेड़ खरीदने के लिए उसके पास पर्याप्त धन नहीं था।

विकल्प :

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता।

(ग) कथन (A) सत्य है, किन्तु कारण (R) असत्य है।

(घ) कथन (A) असत्य है, किन्तु कारण (R) सत्य है।

प्रश्न 19 गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए - (कोई दो ) 4

(1) झारखण्ड में सरहुल के दिन किस पेड़ की पूजा होती है ?

(2) भारत में फसलों से जुड़ा त्यौहार किस खुशी में मनाते है ?

(3) मिस्टर अब्राहम ने बेजी को उपहार के रूप में क्या दिया और क्यों ?

प्रश्न 20 गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40 से 50 शब्दों में लिखिए - (कोई दो ) 3

(1) गुरु -दक्षिणा पाठ में' गुरु जी ने जो कहानी सुनाई, उसका सार अपने शब्दों में लिखो ?

(2) लेखक ने जूलिया को सबक सिखाने के लिए यही तरीका क्यों चुना ?

खंड घ (लेखन-कौशल)

प्रश्न 21 हॉकी का एक सुन्दर आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए- 5

(अथवा )

घड़ी का एक सुंदर और आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए

प्रश्न 22 पुत्र और माँ के बीच सेहत को लेकर का संवाद 50 से 60 शब्दों में लिखिए | 5

(अथवा)

छात्र और अध्यापक के बीच परीक्षा को लेकर संवाद 50 से 60 शब्दों में लिखिए |

प्रश्न 23 नीचे दिए गए विषयो में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - 5

(क) मोबाइल फ़ोन के फायदे और नुकसान

(संकेत-बिंदु)

1. संचार का सरल एवं त्वरित साधन।
2. शिक्षा एवं जानकारी प्राप्त करने में सहायक।
3. समय की बर्बादी तथा स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव।
4. संतुलित एवं सुरक्षित उपयोग का महत्व।
5. निष्कर्ष

(ख) मेरा विद्यालय

(संकेत-बिंदु)

1. विद्यालय का नाम एवं वातावरण।
2. योग्य शिक्षक एवं आधुनिक सुविधाएँ।
3. खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ।
4. अनुशासन, संस्कार एवं सर्वांगीण विकास।
5. निष्कर्ष

प्रश्न 24 नीचे दिए गए चित्र को देखकर 50 शब्दों में अपने विचार लिखिए - 5



============================समाप्त============================